संयुक्त राष्ट्र का WSIS 2024 “चैंपियन” पुरस्कार

स्रोत: पी. आई. बी

हाल ही में **भारत सरकार के दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र, सी-डॉट (Centre for Development of Telematics)** ने **"सेल ब्रॉडकास्ट इमरजेंसी अलर्टिंग के माध्यम से मोबाइल-सक्षम आपदा लचीलापन"** श्रेणी में **संयुक्त राष्ट्र का WSIS 2024 "चैंपियन"** पुरस्कार जीता।

- **विश्व सूचना समाज शिखर सम्मेलन (World Summit on the Information Society- WSIS) +20 फोरम 2024 का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (International Telecom Union- ITU)** द्वारा किया गया।
  - ITU सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) के लिये संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।
  - इसकी स्थापना वर्ष 1865 में हुई थी और इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में है।
  - भारत वर्ष 1952 से ITU का नियमित सदस्य बना हुआ है।
- यह पुरस्कार सामाजिक प्रभाव हेतु प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिये सी-डॉट की प्रतिबद्धता को मान्यता देता है तथा यह **सभी के लिये प्रारंभिक चेतावनी (EW4All) और ITU** के **कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (Common Alerting Protocol- CAP)** जैसी वैश्विक पहलों के अनुरूप है।
- **AI फॉर गुड ग्लोबल समिट** (WSIS के साथ आयोजित) में सी-डॉट ने धोखाधड़ी/अनधिकृत मोबाइल कनेक्शनों का पता लगाने के लिये **ASTR (टेलीकॉम सिम सब्सक्राइबर वेरिफिकेशन हेतु AI और फेशियल रिकॉग्निशन संचालित समाधान)** जैसे अपने AI-संचालित समाधानों का प्रदर्शन किया।

और पढ़ें: आपातकालीन चेतावनी प्रणाली, सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/un-s-wsis-2024-champion-award